# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 27 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON
Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तर्ज पर चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अब तक कुल कितने पौधे लगाए जा चुके हैं?

(A) 22.40 करोड़

**(B) 18.50 करोड़**

(C) 12.90 करोड़

(D) इनमें से कोई नही

- एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में 7 अगस्त, 2024 (हरियाली तीज) को करौली जिले के सपोटरा में आयोजित कार्यक्रम में हरियालो राजस्थान की शुरूआत की
- इस अभियान के तहत राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, पहले वर्ष 7 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया। वर्ष 2025 में कुल 10 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 11.50 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। अब तक कुल 18.50 करोड़ पौधे लगाए जा चुके,
जयपुर में सर्वाधिक 77.43 लाख पौधे
- अभियान की पारदर्शिता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरियालो राजस्थान मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जा रही है,

**Yesterday Revision**

⭕ राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर आयोजित होने वाले सबसे बड़े संयुक्त युद्धाभ्यास का नाम क्या है?-**महागुजराज**

⭕. हाल ही में जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों की कमान किसे सौंपी गई है?- **संभागीय आयुक्त**

⭕. राजस्थान में गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना' कितने जिलों में शुरू की गई है?- **41**

⭕. हाल ही में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में राजस्थान को देशभर में कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?- **द्वितीय**

⭕. राजस्थान सरकार ने वर्ष 2047 तक कार्यस्थलों पर महिलाओं की भागीदारी कितने प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा है?-**60%**

01. हाल ही में राजस्थान का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र कहां बनाया गया है?

(A) बीकानेर

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) जयपुर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने देशभर के 17 संस्थानों के साथ महत्वपूर्ण समझौता किया है, जिसमें राजस्थान का प्रतिनिधित्व 'अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर' द्वारा किया गया।
- यह ग्रंथालय अब राज्य का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र बन गया है।
- दिल्ली स्थित राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में आयोजित समारोह में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में 12 राज्यों के प्रतिनिधि संस्थान और 5 प्रतिष्ठित संगठन शामिल हुए।

**02. हाल ही में पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 'प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 30 अक्टूबर को

(B) 28 अक्टूबर को

(C) 29 अक्टूबर को

(D) 31 अक्टूबर को

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 28 अक्टूबर को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन' होगा जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे।
- इसमें प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रथम 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के लिए आमंत्रित भी किया जायेगा।
- प्रतिनिधिमंडल प्रवासी राजस्थानियों, औद्योगिक समूहों, व्यवसायियों और उद्यमियों को राज्य के विकास में सक्रिय योगदान के लिए आमंत्रित करेगा।

**03. राजस्थान सरकार ने राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए कितने करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी किए हैं?**

(A) 2000 करोड़ रुपए

(B) 3000 करोड़ रुपए

(C) 4000 करोड़ रुपए

**(D) 5000 करोड़ रुपए**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए 5000 करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी किए हैं। इस बार यह राशि सीधे कर्ज लेकर नहीं, बल्कि तीन आरबीआई बॉन्ड्स के माध्यम से जुटाई गई है।
- सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से स्टेट ग्रांटेड सिक्योरिटीज (SGS) बॉन्ड जारी किए, जिससे 5000 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई
- इस बॉन्ड का मुख्य उद्देश्य राज्य की विकास योजनाओं और पूंजीगत खर्चों के लिए वित्त उपलब्ध कराना है। सरकार ने बताया कि इस राशि को 10 साल से 26 साल की अवधि में चुकाना होगा, जिससे राज्य पर लंबी अवधि में वित्तीय दबाव कम रहेगा और योजनाओं के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होंगे।

**04. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) का नया सचिव किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) गजेंद्र राठौड़

**(B) दिनेश कुमार शर्मा**

(C) राजेश कुमार शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- दिनेश कुमार शर्मा को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) का नया सचिव नियुक्त किया गया है।
- उन्होंने डॉ. भागचंद बधाल का स्थान लिया है।
- डॉ. भागचंद बधाल को अतिरिक्त आयुक्त, जेडीए जयपुर के पद पर स्थानांतरित किया गया है।
- शनिवार देर रात राज्य सरकार ने 67 आरएएस अधिकारियों के ट्रांसफर आदेश जारी किए।
- गजेंद्र राठौड़ होंगे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव

05. राजस्थान का कौनसा शहर 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा?

(A) बीकानेर

(B) जोधपुर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा
- खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा इस आयोजन में 300 किमी रिले, 200 किमी और 100 किमी की तीन अलग-अलग वर्गों में रेस प्रतियोगिता होगी।
- इसमें 2500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।
- इस स्पर्धा को बीकानेर के नोरंगदेसर गांव से हरी झंडी दिखाई जाएगी।
- मंत्रालय के अनुसार, "यह रेस अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगी।

06. राजस्थान के किस जिले में तीनों सेनाओं का सबसे बड़ा संयुक्त युद्धाभ्यास 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास का शुभारंभ किया जाएगा?

(A) बीकानेर

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) जैसलमेर

**Important Facts:**

- तीनों सेनाओं का सबसे बड़ा संयुक्त युद्धाभ्यास 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास
- आयोजन अवधि – 30 अक्टूबर से 10 नवंबर 2025 (कुल 13 दिन)
  - स्थान – भारत-पाक बॉर्डर से लेकर गुजरात के कच्छ तक
  - शुभारंभ स्थल – पोकरण फायरिंग रेंज, जैसलमेर
- भारत-पाक बॉर्डर से लेकर गुजरात के कच्छ तक देश की तीनों सेनाएं सबसे बड़ा युद्धाभ्यास करेंगी।
- 30 अक्टूबर से संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू होगा। 10 नवंबर तक वायु, जल व जमीन के योद्धा युद्ध कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ नए स्वदेशी हथियारों की टेस्टिंग भी होगी। पोकरण फायरिंग रेंज से इसकी शुरुआत होगी।
- इसमें थल, नेवी व एयरफोर्स के 30 हजार जवान हिस्सा लेंगे।

भारत की तीनों शक्तियों के एक साथ प्रदर्शन के इस युद्धाभ्यास को त्रिशूल नाम दिया है।

07. राजस्थान सरकार द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से कब तक चलाया गया था?

(a) 22 अक्टूबर तक

(b) 12 अक्टूबर तक

(c) 2 अक्टूबर तक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की अवधि - 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया गया
- उद्देश्य - महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य व पोषण को सशक्त बनाना
- राष्ट्रीय अभियान का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा 17 सितंबर को इंदौर से किया गया
- राजस्थान में शुभारम्भ 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री द्वारा आरयूएचएस, जयपुर में किया गया था।
- आयोजक - महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार

08. हाल ही में किस देश में राजस्थान की  सुमित्रा माथुर को मिला विश्व हिंदी रत्न सम्मान मिला है?

(A) नेपाल

(B) सिंगापुर

(C) श्रीलंका

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान की सुमित्रा माथुर को मिला विश्व हिंदी रत्न सम्मान मिला है
- इनको यह पुरस्कार नेपाल में मिला है
- नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता में आपकी कविता उत्कृष्ट होने के कारण से आपको विश्व हिंदी रत्न मानद उपाधि सम्मान से नवाजा गया
- सुमित्रा माथुर शिक्षाविद्, कवि, साहित्यकार और लेखिका हैं

**09. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?**

(A) युरिको कोइके

(B) साने ताकाइची

(C) सेइको नोडा

(D) युको ओबुची



**Important Facts:**

- जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची (Sanae Takaichi) बनी हैं, जिन्होंने 21 अक्टूबर 2025 को पदभार ग्रहण किया। वे जापान के इतिहास में पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं।
- 64 वर्षीय साने ताकाइची एक अनुभवी राजनेता और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) की नेता हैं।
- वे नारा प्री फेक्चर की रहने वाली हैं और पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी सहयोगी (प्रोटेजे) के रूप में जानी जाती हैं।

**10. कोल इंडिया लिमिटेड और आईआईटी मद्रास ने किस केंद्र की स्थापना के लिए MoU पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(A) सेंटर फॉर क्लीन वाटर टेक्नोलॉजी

(B) सेंटर फॉर सस्टेनेबल एनर्जी

(C) सेंटर फॉर न्यूक्लियर रिसर्च

(D) सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

**Important Facts:**

- कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने आईआईटी मद्रास परिसर में सतत ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य भारत के निम्न-कार्बन, सतत ऊर्जा भविष्य की ओर संक्रमण को गति प्रदान करना है।
- यह केंद्र अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास के साथ-साथ सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में क्षमता निर्माण पहलों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। यह साझेदारी 2070 तक देश की शुद्ध-शून्य महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से भारत के ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में राजस्थान को देशभर में कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?**

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) चौथा

GK Search Engine

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine